वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

वर्ष 01 अंक 02 | ब्यावर, 12 फरवरी 2025, बुधवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | पृष्ठ : 04 | मूल्य : निःशुल्क

वैश्विक मंच वियतनाम में वाइब्रेंट हुआ वर्द्धमान

वर्द्धमान अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर निरन्तर सम्मानित

ब्यावर/वर्द्धमान न्यूज

प्रदेश में शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान कायम रखने वाला ब्यावर जिले का श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति का नाम अब वैश्विक मंच पर भी निरन्तर उभर रहा है।

दक्षिण-पूर्व एशिया के खूबसूरत देश वियतनाम में देश के सबसे बड़े एवं विश्वसनीय मीडिया समूह दैनिक भास्कर के तत्वावधान में ग्लोबल विजनरी अवार्ड समारोह में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख एवं उनकी जीवनसंगिनी श्रीमती शशि पारख को वियतनाम उच्चायोग में भारत के राजदूत श्री महेश चन्द गिरी, हो चि मिन वियतनाम के मुख्यमंत्री समकक्ष, भास्कर स्टेट हेड वारिश तिवारी तथा अन्य प्रमुख अधिकारियों द्वारा शैक्षणिक क्षेत्र में समर्पण हेतु श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख को ग्लोबल विजनरी अवार्ड से सम्मानित किया गया।





वियतनाम में भव्य अवार्ड सेरेमनी का शानदार आयोजन

वियतनाम के प्रसिद्ध महानगर हो ची मिन्ह सिटी होटल के पंच सितारा होटल इक्केटोरियल के भव्य बैंक्वेट हॉल साइगॉन में ग्लोबल विजनरी अवार्ड सेरेमनी का अविस्मरणीय आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपने योगदान से समाज को प्रेरित करने वाले व्यक्तित्वों को विशिष्ठ पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। अवॉर्ड समारोह के बाद आयोजित गाला डिनर में शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अद्भुत आतिथ्य का अनुभव किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल राजस्थान के गौरव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाना था बल्कि भारत और वियतनाम के बीच स्थापित सांस्कृतिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और अधिक सुदृढ़ता प्रदान करना था। दैनिक भास्कर की इस पहल से सम्मानित व्यक्तित्वों को वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाने का अवसर मिला, जिससे उनकी उपलब्धियों को और अधिक प्रोत्साहन मिला।

दैनिक भास्कर ने अपने इस भव्य आयोजन के माध्यम से वियतनाम में भारतीय संस्कृति की एक मजबूत और प्रभावशाली छवि प्रस्तुत की। इस शानदार और यादगार यात्रा के दौरान, सभी सम्मानित अवार्डीज को वियतनाम के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को वियतनाम की समृद्ध विरासत, परंपराओं और वहां मौजूद भारतीय प्रभाव को नजदीक से देखने और समझने का अवसर भी प्राप्त हुआ। वियतनाम के ऐतिहासिक स्थलों और स्थानीय बाजारों की सैर ने इस यात्रा को और भी विशेष बना दिया। भारतीय संस्कृति और वियतनामी परंपराओं के बीच की समानताओं को अनुभव करने का यह एक अनूठा अवसर था। इस यात्रा के दौरान हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विचार-विमर्श ने भारत-वियतनाम के द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी कारण यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल सम्मानित हस्तियों के लिए बल्कि पूरे राजस्थान के लिए गर्व का विषय बना।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने बताया कि समिति की शिक्षण इकाईयां अपनी विशिष्ट गुणवत्ता के कारण प्रादेशिक शैक्षणिक पटल पर प्रमुख स्थान अर्जित किए हुए है इसमें श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय के माध्यम से समिति महिला शिक्षा के उत्थान एवं उन्नयन हेतु समर्पित है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए विश्व पटल पर विद्यार्थियों को उपर्युक्त अवसर प्रदान करने की मंशा से वर्द्धमान ग्रुप द्वारा स्थापित शैक्षणिक गुणवत्ता अब विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु उपयोगी सिद्ध हो रही है। ब्यावर की छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध होने से स्थानीय प्रतिभाओं को अब वैश्विक पटल पर अपने उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य का निर्माण हेतु विभिन्न अवसर प्राप्त होगें इस दिशा में महत्वपूर्ण आयामों को स्थापित करने हेतु श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति कटिबद्ध है। डा पारख ने वर्द्धमान परिवार के समस्त कार्यकर्ताओं को पुरस्कार समर्पित करते हुए सहयोग हेतु आभार प्रकट किया। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा सहित समिति पदाधिकारियों, सदस्यों,प्राचार्य संकाय सदस्यों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा हर्ष प्रकट किया गया।



एस.एस. रांका विंग का भव्य शुभारंभ 19 फरवरी को

ब्यावर/वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल परिसर में नवनिर्मित एसएस रांका विंग का भव्य शुभारंभ आगामी 19 फरवरी बुधवार को किया जायेगा। वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल केम्पस में स्व.सेठ श्री रतनचंद जी- श्रीमती गोदी बाई, भामाशाह संघवी सेठ स्व.श्री कन्हैयालाल जी- सुन्दर बाई रांका की स्मृति में राजस्थान रत्न संघवी सेठ श्री सुभाषचंद जी- कस्तूरी बाई रांका परिवार(चेन्नई-ब्यावर-जैतारण) एवं स्व. सेठ श्री शम्भूमल जी रांका की पुण्य स्मृति में श्रीमती लादी बाई जी रांका की सद्प्रेरणा से सेठ श्री कंवरलाल जी रांका- श्रीमती चंद्रिका देवी, सेठ श्री बलवंत जी रांका- श्रीमती पुष्पा, सेठ श्री यशवंत जी रांका- श्रीमती ऋचु एवं रांका परिवार के अर्थ सहयोग से एस एस रांका विंग में बने आधुनिक तरीके एवं पूर्णतया वातानुकूलित 6 कक्षा-कक्षो का निर्माण भामाशाह रांका परिवार के अर्थ सहयोग द्वारा किया गया है। बुधवार को इस विंग के उद्घाटन से पूर्व अवलोकन के लिए राजस्थान रत्न संघवी सेठ श्री सुभाषचंद जी रांका परिवारजनों के साथ पधारे।










Photo News

भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की प्रमुख छायाचित्र
















वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में एल्युमनाई मीट 2025 का आयोजन








ब्यावर/वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में एल्युमनाई मीट 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक एल्युमिनाई छात्राओं ने हिस्सा लेकर पुरानी यादों की सुगंध बिखेरी।

एल्युमनाई एसोसिएशन ने ढोल एवं बैण्ड की सुमधुर ध्वनि के साथ तिलक लगा, मुंह मीठा कर, सेसे पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेट कर गर्मजोशी से पूर्व छात्राओं का स्वागत किया गया।

एल्युमनाई मीट में सभी छात्राओं ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए खट्टी-मिठ्ठी यादों को एक दूसरे से साझा किया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी.लोढ़ा ने एल्युमनाई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्थान में पढ़ चुकी छात्राएं हमारी ब्रांड एंबेसडर हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर हमारा गौरव बढ़ाया है। उन्होंने पूर्व छात्राओं को महाविद्यालय से जुड़े रहने और सामूहिक उन्नति में योगदान देने की अपील की।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने पूर्व छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां वर्तमान छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उन्होंने महाविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता और वैश्विक नेतृत्व को तैयार करने की परंपरा की प्रशंसा की।

इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और एल्युमनाई इंटरेक्शन गतिविधियां आयोजित की गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे यह एक यादगार और अविस्मरणीय पल बन गया।


पूर्व छात्रा अम्बिका पूर्णा उपनिरीक्षक राजस्थान पुलिस ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि हमें चालाक नहीं चतुर बनने एवं प्राप्त साधनों का सही से उपयोग कर आगे बढ़ने की सीख दी। पूर्व छात्रा उप प्रधानाचार्य रेखा सिंगारिया ने सदैव अनुशासन का पालन करने एवं कड़ी मेहनत से मिलने वाले परिणामों की प्राथमिकता को समझाया।

अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि किसी भी संस्था के लिए भूतपूर्व छात्राएं एक मार्गदर्शक की तरह होती हैं, जो नई छात्राओं को कैरियर में आने वाली चुनौतियों और अवसरों से रूबरू कराती हैं। वर्तमान में वर्द्धमान की पूर्व छात्राएं जज, पुलिस अधिकारी, सीए, इंजीनियर, प्रोफेसर, और अन्य उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहें है।

कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन प्रीति शर्मा एवं निधि पंवार ने किया तथा समापन शानदार हाई टी, कॉलेज की पुरानी यादों को साझा करने और भविष्य में फिर मिलने के वादों के साथ हुआ।














वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में एल्युमनाई मीट की प्रमुख झलकियां

























वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल
सैफरोन फन फियस्टा सेलिब्रेशन





ब्यावर/वर्द्धमान न्यूज़

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल वर्द्धमान रूट्स मे एनुअल इवेंट्स सैफरोन फन फिएस्टा सेलिब्रेट किया गया।

वर्द्धमान रूट्स में अध्यनरत सभी बच्चों के माता-पिता, दादा-दादी और नाना-नानी एवं समस्त रिश्तेदारों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ में श्रीमती अर्पिता शर्मा द्वारा फीता काटा गया।

साथ ही श्रीमती अर्पिता शर्मा एवं प्राचार्य श्वेता नाहर द्वारा सरस्वती पूजन ओर द्वीप प्रज्जवलित किया गया।

फन फिएस्टा में मुख्य आकर्षण पेरेंट्स द्वारा लगाई गई गेम जोन की दुकाने ओर फूड जोन एरिया रहा।

मिनी जू एरिया में विभिन्न प्रकार के डॉग, मछलियां, पक्षी, एवं अन्य प्रकार के जीव जंतु बच्चों के आकर्षण का ओर उत्सुकता का मुख्य केंद्र रहा। कार्यक्रम मे डिस्को शो में बच्चों ओर बड़ो ने डांस का लुत्फ़ उठाया। बच्चों के लिए घुड़सवारी के लिए उत्साह देखने लायक था, मिक्की माउस ओर टेम्पोलिन झूले का आनंद लिया।

गेम जोन में तरह तरह के गेम बच्चों ओर बड़ो के लिए मनोरंजन का केंद्र रहा।

फूड जोन में पाव भाजी, छोले भटुरे, भेल पूरी, वाइट सॉस सूजी पास्ता, पिज़्ज़ा डोसा, आलू टिकिया, दही पपड़ी, पानी पताशे, छाछ, नाचो चाट, केक, पॉपकॉर्न, इत्यादि चीजों का लुत्फ़ सभी पेरेंट्स ओर अतिथि ने उठाया।

मेले में टैटू कला का अलग ही माहौल दिखा, बच्चों में टैटू बनवाने का क्रेज़ ओर पेंटिंग करने का क्रेज़ देखने कों मिला।

वर्द्धमान रूट्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पैरेंट्स ओर अतिथियों को खुशियों भरे लम्हे का आनंद लेने का मौका दिया।

विद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा ग्रैंड पेरेंट्स के लिए विविध गेम आयोजित किये गए, जिन खेलो मे सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने पुराने दिनों कों याद कर के सभी बहुत प्रसन्न हुए,

आयोजित कार्यक्रम में लकी ड्रा सिस्टम भी रखा गया जिसमे 4 विनर कों उपहार देकर सम्मानित किया गया। एवं बेस्ट स्टाल अवार्ड प्रदीप पेट शॉप वाले के नाम रहा।

कार्यक्रम के अंत में वर्द्धमान रूट्स प्रिंसिपल श्वेता नाहर ने समस्त आगन्तुक अतिथियों, बच्चों के अभिभावकों, एवं समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख एवं अकादमिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा ने सभी बच्चों को एवं अथितिगण को एनुअल इवेंट्स सैफरोन फन फिएस्टा की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।





